# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

**MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY**

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत

NH. 15, Jaisalmer Road, Bikaner- 334004 (Rajasthan) INDIA

दूरभाष/Phoe: 0151-2210076 फैक्स/Fax: 2212042 ई–मेल/E-mail: academicmgsu@gmail.com


क्रमांक : एफ.07()/मगंसिंविबी/शैक्ष./2023/27356-77 दिनांक : 20/1/23

1. समस्त विभागाध्यक्ष, (अंग्रेजी, इतिहास, पर्यावरण विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, भूगोल, व्यवसायिक प्रबंधन एवं चित्रकला), महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. निदेशक शोध, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. उप कुलसचिव, संस्थापन, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
4. परीक्षा नियंत्रक, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
5. प्रभारी, स्कूल ऑफ लॉ, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
6. प्रभारी, सेन्टर फॉर गांधीयन स्टडीज–पीस एण्ड नॉन वॉईलेन्स, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
7. सम्पदा अधिकारी, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
8. सहायक निदेशक, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
9. प्रभारी गोद लिया गांव, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
10. प्रभारी, एन.एस.एस., महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
11. पुस्तकालयाध्यक्ष, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
12. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/सामान्य प्रशासन विभाग, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
13. आहरण वितरण अधिकारी, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।

विषय : 40वीं प्रबन्ध मण्डल के कार्यवाही विवरण के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 11.01.2023 को आयोजित प्रबन्ध मण्डल की 40वीं बैठक का कार्यवाही विवरण इस पत्र के संलग्न कर प्रेषित है। अतः सम्बन्धित विभाग/अनुभाग कार्यवाही विवरण में उल्लेखित बिन्दुओं की पालना कर पालना रिपोर्ट अविलम्ब शैक्षणिक अनुभाग को उपलब्ध करावें, ताकि आगामी कार्यवाही की जा सके।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

20/1/2023

कुलसचिव

क्रमांक : एफ.07()/मगंसिंविबी/शैक्ष./2023/ दिनांक :

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित है :–.

1. निजी सचिव–कुलपति, महाराजा गंगासिह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. रक्षित पत्रावली।

उप कुलसचिव (शैक्ष.)

Scanned with CamScanner

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर
दूरभाष: 0151-2970177 ई-मेल: registrar@mgsubikaner.ac.in

प.07( )मगंसिविबी/प्रबन्ध बोर्ड-40/2023/ दिनांक

**प्रबन्ध बोर्ड की 40 वीं बैठक**
**कार्यवृत्त (Minutes)**

प्रबन्ध बोर्ड की 40वीं बैठक दिनांक 11 जनवरी, 2023 को प्रातः 11:30 बजे प्रबन्ध बोर्ड सभागार, महर्षि शौनक भवन (कुलपति सचिवालय) में माननीय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | प्रो0 विनोद कुमार सिंह<br>महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर | अध्यक्ष |
| 2 | श्री जगदीश चन्द्र<br>माननीय विधायक-सादुलशहर | सदस्य |
| 3 | डॉ. शिवदत्त, विशेषाधिकारी, उच्च शिक्षा<br>प्रतिनिधि, शासन सचिव, उच्च शिक्षा राज. सरकार, जयपुर | सदस्य<br>(ऑनलाइन माध्यम से) |
| 4 | प्रो0 कृपाशंकर तिवाडी<br>माननीय कुलाधिपति द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य<br>(ऑनलाइन माध्यम से) |
| 5 | प्रो0 एच.एस. शर्मा<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य |
| 6 | श्री एन.एस. बिस्सा<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य |
| 7 | डॉ0 भगवानाराम बिश्नोई<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय | सदस्य |
| 8 | डॉ0 अनन्त जोशी<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत प्राचार्य, निजी महाविद्यालय | सदस्य |
| 9 | डॉ0 जी.पी. सिंह<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत संकायाध्यक्ष | सदस्य |
| 10 | डॉ0 मीनू पूनिया<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत संकायाध्यक्ष | सदस्य<br>(ऑनलाइन माध्यम से) |
| 11 | प्रो0 अनिल कुमार छंगाणी<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत आचार्य | सदस्य |
| 12 | प्रो0 राजाराम चोयल<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत आचार्य | सदस्य |
| 13 | श्री अरूण प्रकाश शर्मा<br>कुलसचिव | सदस्य सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रबन्ध बोर्ड की 40 वीं बैठक में उपस्थित एवं ऑनलाइन माध्यम से जुडे सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। विशेषकर विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड में नव मनोनीत सदस्य डॉ. मीनू पूनिया एवं सदस्य सचिव श्री अरूण प्रकाश शर्मा का स्वागत किया गया। साथ ही निवर्तमान सदस्य सचिव श्री बनवारी लाल सर्वा द्वारा प्रबन्ध बोर्ड बैठक में दिये गए सहयोग की सराहना की गई।

Scanned with CamScanner

तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रबन्ध बोर्ड की 39वीं बैठक दिनांक 09 नवम्बर, 2022 के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण प्रबन्ध बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

| मद संख्या | विवरण | अनुभाग/ विभाग |
|---|---|---|
| 494 | दिनांक 09-11-2022 को सम्पन्न हुई प्रबन्ध बोर्ड की 39वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि का प्रस्ताव। | |
| निर्णय | पुष्टि की गई । | |
| 495 | दिनांक 09-11-2022 को आयोजित प्रबन्ध बोर्ड की 39 वीं बैठक के कार्यवृत पर बिन्दुवार की गई कार्यवाही की अनुपालना रिपोर्ट (ATR) के अनुमोदन का प्रस्ताव। | |
| निर्णय | अनुमोदन किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पदों के निर्धारित रोस्टर के अनुमोदन की पुष्टि करते हुए जारी किये जाने वाले विज्ञापन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। | |
| 496 | विश्वविद्यालय में स्वीकृत पुस्तकालयाध्यक्ष का पदनाम सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष परिवर्तित करने के संबंध में प्रस्ताव। | |
| निर्णय | अनुमोदन किया गया। | |
| 497 | विश्वविद्यालय परिनियम को पारित करने का प्रस्ताव। | |
| निर्णय | प्रबन्ध बोर्ड द्वारा प्रस्ताव को पारित करते हुए इस संबंध समस्त माननीय सदस्यों से 07 दिवस की अवधि में लिखित रूप से प्राप्त सुझाव पर अंतिम निर्णय हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। | |
| 498 | विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23 के प्रारूप के अनुमोदन का प्रस्ताव । | |
| निर्णय | अनुमोदन किया गया। साथ ही प्रबन्ध बोर्ड संरचना में जनप्रतिनिधिगणों के नाम को अध्यक्ष महोदय के नाम के पश्चात् अंकित करने का सुझाव दिया। | |
| 499 | विश्वविद्यालय अधिकारियों द्वारा पदोन्नति हेतु प्रस्तुत अभ्यावेदन पर कार्यवाही का प्रस्ताव। | |
| निर्णय | प्रबन्ध बोर्ड द्वारा अभ्यावेदन पर व्यापक विचार-विमर्श उपरान्त महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा लिये गए निर्णय की तर्ज पर इस विश्वविद्यालय द्वारा गठित आन्तरिक चयन समिति की अनुशंसा दिनांक 21-06-2022 को अनुमोदित किया गया। उक्त आन्तरिक चयन समिति की अनुशंसानुसार निम्नलिखित अधिकारियों को सहायक कुलसचिव से उप कुलसचिव एवं अनुभाग अधिकारी से सहायक कुलसचिव पर सशर्त पदोन्नति प्रदान करने का निर्णय लिया गया | |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | :-<br>1. डॉ. गिरिराज हर्ष, सहायक कुलसचिव से उप कुलसचिव (वर्ष 2020-21)<br>2. डॉ. प्रकाश सारण, सहायक कुलसचिव से उप कुलसचिव (वर्ष 2021-22)<br>3. श्री निर्मल भार्गव, अनुभाग अधिकारी से सहायक कुलसचिव (वर्ष 2020-21)<br>4. श्री ताराचंद, अनुभाग अधिकारी से सहायक कुलसचिव (वर्ष 2021-22)<br>उक्त अनुशंसा में सहायक कुलसचिव से उप कुलसचिव एवं अनुभाग अधिकारी से सहायक कुलसचिव पद पर पदोन्नति हेतु राज्य सरकार से स्वीकृति आने पर ही वित्तीय लाभ प्रदान करने का निर्णय लिया गया। साथ ही राज्य सरकार से पदोन्नति के संबंध में विपरीत टिप्पणी/निर्णय आने पर किसी भी प्रकार का वाद दायर नहीं करने की शर्त अंकित करते हुए शपथ पत्र प्राप्त कर पदोन्नति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।<br>साथ ही प्रबन्ध बोर्ड द्वारा उप कुलसचिव से अतिरिक्त कुलसचिव की पदोन्नति के संबंध में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर के भर्ती एवं पदोन्नति नियम, 2020 के अनुसार उप कुलसचिव से अतिरिक्त कुलसचिव की तर्ज पर उपरोक्त शर्तानुसार ही पदोन्नति देने का निर्णय लिया गया।<br>उपरोक्त पदोन्नत कार्मिकों को राज्य सरकार की स्वीकृति उपरान्त कार्यग्रहण तिथि से वित्तीय लाभ प्रदान किया जाएगा। | |
| 500 | केन्द्रीय पुस्तकालय में आवश्यक सेवाएं ऑउटसोर्सिंग के माध्यम से जॉब बेसिस पर निविदा के माध्यम से लेने हेतु प्रस्ताव। | |
| निर्णय | विश्वविद्यालय में अन्य कार्यो की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सदस्य सचिव को परीक्षण कर प्रस्ताव/सूची तैयार कर माननीय सदस्यों से पत्र/ई-मेल के माध्यम सहमति प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया गया। उक्त सेवाएं ऑउटसोर्सिंग के माध्यम से जॉब बेसिस पर निविदा की कार्यवाही वित्तीय सलाहकार की राय अनुसार करने का निर्णय लिया गया। | |
| 501 | प्रशासनिक सचिव एवं निजी सचिव पद पर पदोन्नति के प्रावधान व अतिरिक्त कुलसचिव, उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, निजी सचिव के पदों को पदोन्नति में परिवर्तित करने तथा प्रशासनिक सचिव एवं निजी सचिव के अतिरिक्त पदोन्नति पद सृजन की सैद्धान्तिक सहमति का प्रस्ताव। | |
| निर्णय | निजी सचिव से प्रशासनिक सचिव, वरिष्ठ निजी सहायक से निजी सचिव पद पर पदोन्नति की सैद्धान्तिक स्वीकृति देते हुए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। साथ ही अतिरिक्त कुलसचिव, उप कुलसचिव, सहायक कुलसचिव, निजी सचिव के पदों को निर्धारित प्रावधानुसार पदोन्नति पद में परिवर्तन करने की सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गई। प्रबन्ध बोर्ड द्वारा निजी सचिव के अतिरिक्त पदोन्नति पद एवं प्रशासनिक सचिव का पदोन्नति पद सृजन करने के लिए राज्य | |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | सरकार को प्रस्ताव प्रेषित करने की भी सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई। | |
| 502 | पुरानी पेंशन योजना लागू होने के कारण पेंशन कोष में राशि हस्तानान्तरण करने का प्रस्ताव। | |
| निर्णय | विश्वविद्यालय में पेंशन निधि कोष में प्रस्तावानुसार राशि हस्तानान्तरित करने एवं उक्त कोष को पेंशन भुगतान हेतु आरक्षित करने का निर्णय लिया गया। | |
| 503 | विद्या परिषद् की विशेष बैठक दिनांक 10-01-2023 के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन का प्रस्ताव। | |
| निर्णय | अनुमोदन किया गया। साथ ही एम.बी.ए. विभाग में सहायक आचार्यो के पदों पर शार्टलिस्ट का प्रावधान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विनियम, 2018 के अनुसार निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। | |
| 504 | प्रतिवेदित है कि प्रबन्ध बोर्ड के निर्णय की पालना में विश्वविद्यालय आदेश क्रमांक 33100 दिनांक 08-03-2016 के अनुसार परीक्षात्मक एवं अन्य कार्यो हेतु पारिश्रमिक/मानदेय भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में परीक्षा वर्ष 2022 के लिए भी परीक्षात्मक एवं अन्य कार्यो हेतु पारिश्रमिक/मानदेय भुगतान की स्वीकृति आदेश क्रमांक 17349-54 दिनांक 06-10-2022 प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदन की प्रत्याशा में जारी किया गया है। पुष्टि हेतु प्रस्तुत है। | |
| निर्णय | आदेश क्रमांक 17349-54 दिनांक 06-10-2022 की पुष्टि की गई। | |
| 505 | विश्वविद्यालय में निविदा के माध्यम से प्लेसमेन्ट एजेन्सी द्वारा कार्य कर रहे दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों ने ज्ञापन प्रस्तुत कर दैनिक मजदूरी रू. 400/- से बढ़ाकर रू. 600/- प्रतिदिन एवं प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वृद्धि करने का निवेदन किया है। प्रस्ताव प्रबन्ध बोर्ड के समक्ष विचारार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत है। | |
| निर्णय | प्रस्ताव पर चर्चा उपरान्त विश्वविद्यालय में एजेन्सी के माध्यम से कार्यरत श्रमिकों की न्यूनतम दैनिक मजदूरी में वृद्धि करते हुए रू. 500/- करने का निर्णय लिया गया। | |
| माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से | | |
| निर्णय | (1) परीक्षा वर्ष 2021 में जिन पारियों में दो प्रश्न पत्र आयोजित किये गए उनको पृथक-पृथक पारी मानते हुए दो पारियों के अनुसार भुगतान करने का निर्णय लिया गया। | |
| | (2) विभागीय शोध समिति के समक्ष प्रस्तुत होने वाले शोध प्रस्तावों की जांच हेतु समिति के प्रति सदस्य को प्रति शोध प्रस्ताव राशि रू. 500/- की दर से मानदेय निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। | |

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

13/1/2023

(अरूण प्रकाश शर्मा)

सदस्य सचिव

Scanned with CamScanner